कार्यालयः जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, बरेली।

पत्रांक व0स0–3/मान्यता/ 3747 /2022–23 दिनांक: 07/06/2022

प्रबन्धक,
रोटरी पब्लिक स्कूल, (अंग्रेजी माध्यम)
सथरापुर रजउ, फरीदपुर, बरेली।
विषयः– आपके पत्र दिनांक– 26.05.2022 के सम्बन्ध में।
महोदय,

उपरोक्त विषयक अपने आवेदन–पत्र दिनांक 26.05.2022 का अवलोकन करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा इस कार्यालय के पत्रांक मान्यता/27970–77/2016–17 दिनांक 31.03.2017 के द्वारा कक्षा एन0सी0 से कक्षा आठ तक अंग्रेजी माध्यम की दिनांक 01.04.2017 से दिनांक 31.03.2020 तक तीन वर्ष की अवधि के लिए प्रदत्त अनन्तिम मान्यता को स्थायी करने का अनुरोध किया गया है।

उक्त के सम्बन्ध मे आपको अवगत कराना है कि शासनादेश संख्या–419/79–6–2013–18(20)/91 शिक्षा अनुभाग–6 लखनऊ, दिनांक 08.05.2013 के प्रस्तर में निम्नलिखित व्यवस्था की गयी है। "प्रथमतया निर्धारित प्रारूप पर नियमावली मे उल्लिखित प्राविधानों के दृष्टिगत औपबन्धिक मान्यता तीन वर्ष के लिए दी जायेगी। इस अवधि मे मान्यता की शर्तों के उल्लंघन से सम्बन्धित यदि कोई प्रतिकूल तथ्य संज्ञानित नहीं होता है तो तीन वर्ष की अवधि पूरी होने पर यह मान लिया जायेगा कि आपके विद्यालय को स्थाई मान्यता प्राप्त हो गयी है।"

आप द्वारा शपथ पत्र प्रस्तुत कर अवगत कराया गया है कि आपका विद्यालय अद्यतन संचालित है, विद्यालय के विरूद्ध कोई शिकायत गतिमान नहीं है एवं विद्यालय प्रबन्ध समिति में वाद–विवाद नहीं है। अतः शासनादेश दिनॉक 08.05.2013 में वर्णित निर्देशानुसार/व्यवस्थानुसार आपके विद्यालय की मान्यता जारी रहेगी। यदि आगामी वर्षों में कोई प्रतिकूल तथ्य संज्ञानित होता है तो आपके विद्यालय के विरूद्ध अग्रिम कार्यवाही की जायेगी, साथ ही आपको मान्यता सम्बन्धी नवीन शासनादेश दिनॉक 11.01.2019 एवं समय–समय पर निर्गत होने वाले नवीन निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करना होगा।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी
बरेली।

For ROTARY PUBLIC SCHOOL
MANAGER